सत्र–2024–25

प्रोजेक्ट कार्य. हेतु निर्देशः–

कक्षा 11– जिन विषयों में प्रोजक्ट कार्य का मूल्यांकन होना है उनमें प्रत्येक छात्र/छात्रा दो प्रोजेक्ट कार्य करेगा।

एक प्रोजेक्ट कार्य अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व किया जायेगा जिसका मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के समय किया जायेगा ।

एक प्रोजेक्ट कार्य अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात किया जायेगा जिसका मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के समय किया जायेगा ।

कक्षा 12– जिन विषयों में प्रोजक्ट कार्य का मूल्यांकन होना है उनमें प्रत्येक छात्र/छात्रा एक प्रोजेक्ट कार्य करेगा। जिसका मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के समय किया जायेगा ।

सतत मूल्यांकन–इकाई परीक्षा (CONTINUOUS ASSESSMENT- UNIT TEST)

कक्षा 11–

सत्र में कुल 04 इकाई परीक्षायें होंगी (02 इकाई परीक्षायें अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व तथा 02 अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त)। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु प्रथम दो इकाई परीक्षाओं (प्रथम व द्वितीय) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लिये जायेंगे तथा इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा। इसी प्रकार वार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु अन्तिम दो इकाई परीक्षाओं (तृतीय व चतुर्थ) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लेकर इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा।

कक्षा 12–

सत्र में कुल 03 इकाई परीक्षायें (02 इकाई परीक्षायें अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व तथा 01 अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त) तथा 01 प्री–बोर्ड परीक्षा होगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु प्रथम दो इकाई परीक्षाओं (प्रथम व द्वितीय) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लिये जायेंगे तथा इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा। परिषदीय् परीक्षा के आन्तरिक मूल्यांकन हेतु तीन इकाई परीक्षाओं में से सर्वाधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लेकर इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा/आन्तरिक मूल्यांकन में सतत् मूल्यांकन(इकाई परीक्षा) वाले भाग के मूल्यांकन के सम्बन्ध में निर्देश–

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा/आन्तरिक मूल्यांकन के सतत् मूल्यांकन(इकाई परीक्षा) वाले भाग के मूल्यांकन के लिए परीक्षक द्वारा प्रोजेक्ट/प्रयोगात्मक कार्य से सम्बन्धित 10 निश्चित उत्तरीय प्रश्नों (1/2 अंक प्रति प्रश्न)की 5 अंकों की एक लिखित परीक्षा ली जायेगी जिसके लिए अधिकतम 20 मिनट का समय निर्धारित किया जायेगा। परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त अंकों से सतत् मूल्यांकन(इकाई परीक्षा) वाले भाग में अंकना की जायेगी।